**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 425**

**दिनांक 19.11.2019/ 28 कार्तिक, 1941 (शक) को उत्तर के लिए**

**मोबाइल एप से 2021 की जनगणना**

†425. **श्री धनुष राम कुमारः**

**श्रीमती संध्या रायः**

**श्री जी. सेल्वमः**

**श्री रेबती त्रिपुराः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार का विचार डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत पेन और कागज के स्थान पर एक मोबाइल फोन एप्लिकेशन के माध्यम से 2021 की जनगणना करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) क्या सरकार आंकड़ों को और उपयुक्त और तर्कसंगत बनाने के लिए जनगणना 2021 के आंकड़े एकत्र करने हेतु उपयोग किए जाने वाले विभिन्न मापदंडों में कुछ परिवर्तन करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) सरकार द्वारा इस राष्ट्रव्यापी कार्य को करने के लिए कुल कितनी निधि आबंटित की जाएगी और इसे किन भाषाओं में किए जाने की संभावना है; और**

**(घ) क्या एप केवल उन सरकारी प्रगणकों द्वारा ही उपयोग किया जा सकता है जिन्हें जनगणना में नियोजित किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और 2021 की जनगणना कब तक आरंभ और पूरी होगी?**

**लो.स.अ.ता.प्र.सं.**425

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)**

(क): जनगणना 2021 के दौरान, आंकड़ों को एकत्रित करने के लिए मिश्रित माध्यम दृष्टिकोण को अपनाया जा रहा है। प्रगणक अपने स्मार्ट फोन का प्रयोग करते हुए मोबाइल ऐप के माध्यम से सीधे आंकड़ों को एकत्रित और जमा कर सकते हैं अथवा वे आंकड़े एकत्रित करने के लिए कागजी अनुसूची का प्रयोग कर सकते हैं और उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से जमा कर सकते हैं। अन्यथा, प्रगणक आंकड़े एकत्रित करने और उन्हें जमा करने के लिए सिर्फ कागजी अनुसूची का भी प्रयोग कर सकते हैं।

(ख): तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) के सुझाव पर प्रश्नावली में कुछ बदलाव किए गए हैं।

(ग): जनगणना 2021 करने के लिए व्यय वित्त समिति (ईएफ़सी) ने 8754.23 करोड़ रुपए की राशि की अनुशंसा की है और यह 16 भाषाओं में कराई जाएगी।

(घ): जी, हाँ, केवल राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्रगणक ही आंकड़े एकत्रित करने के लिए इस ऐप का प्रयोग कर सकेंगे। जनगणना दो चरणों में की जाएगी अर्थात् अप्रैल से सितंबर, 2020 के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकान गणना और दिनांक 09-28 फरवरी, 2021 के दौरान जनसंख्या की गणना।

************